भारत सरकार **लोक सभा**
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 2636**
वाणिज्य विभाग

दिनांक 04 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए
कॉफी बोर्ड

2636. श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा:

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार और कॉफी बोर्ड द्वारा विदेशी बाजारों में भारतीय कॉफी को बढ़ावा देने और उसके विपणन के लिए कोई पहल की गई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) 2019 से विदेशी प्रचार अभियानों और व्यापार मेलों तथा ब्रांडिंग की पहलों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा भारतीय कॉफी के लिए कोई नए और उभरते हुए निर्यात बाज़ार चिह्नित किए गए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार और कॉफी बोर्ड द्वारा जीआई टैग वाली कॉफी का संवर्धन करने और ऐसी किस्मों की खेती करने वाले किसानों, विशेषकर वायनाड लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में, की सहायता करने के लिए कोई पहल की गई है,

(ङ) क्या जीआई प्रमाणन मिलने से कॉफी उत्पादकों, विशेषकर छोटे और जनजातीय किसानों को बेहतर कीमतें, निर्यात की मांग और अधिक आय मिली है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) भौगोलिक संकेतक (जीआई) प्रमाणन प्राप्त भारतीय कॉफी किस्मों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जितिन प्रसाद)

(क) से (ग) : 'एकीकृत कॉफी विकास परियोजना (आईसीडीपी) ' योजना के अंतर्गत कॉफी बोर्ड कॉफी के प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न गतिविधियां करता है जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों/कार्यक्रमों में भागीदारी; क्षमता निर्माण कार्यक्रम; उद्यमिता विकास कार्यक्रम; कॉफी टेस्टिंग सत्र और बरिस्ता कौशल पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन; प्रीमियमीकरण के लिए भारतीय कॉफी की जेनेरिक ब्रांडिंग; ब्रांडिंग और प्रचार के लिए डिजिटल मीडिया/सोशल मीडिया अभियान चलाना; मूल्यवर्धन के लिए सहायता देना; विदेश

स्थित भारतीय मिशनों के सहयोग से क्रेता-विक्रेता बैठकों का आयोजन करना और खुदरा पैकों (1000 ग्राम तक) में बेची जाने वाली मूल्यवर्धित कॉफी को बढ़ावा देना शामिल है, जिन पर कॉफिज ऑफ इंडिया का लोगो है और खुदरा पैकों पर मेड इन इंडिया अंकित है। इसके अलावा, कॉफी बोर्ड भारतीय जीआई कॉफी को बढ़ावा देता है और भारतीय जीआई कॉफी की देश और विदेश में पहचान बढ़ाने के लिए भारतीय मिशनों के साथ मिलकर 'गौरमेट जीआई कॉफी गिफ्ट बॉक्स' भी विकसित किए है। दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में भारतीय कॉफी को बढ़ावा देने के लिए, कॉफी बोर्ड ने वर्ष 2018-19 से अब तक 41 अंतर्राष्ट्रीय मेलों में भाग लिया है, जिनमें मुख्य रूप से खाड़ी खाद्य (गल्फ फूड) दुबई, वर्ल्ड ऑफ कॉफी एम्स्टर्डम, मेलबर्न इंटरनेशनल कॉफी एक्सपो, होस्ट मिलानो, वर्ल्ड स्पेशलिटी कॉफी कॉन्फ्रेंस एंड एग्जीबिशन टोक्यो, इंटरनेशनल कैफे शो सियोल आदि कार्यक्रम शामिल हैं।वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान भारतीय कॉफी को 140 से अधिक देशों में निर्यात किया गया था, जिसमें संयुक्त अरब अमीरात, लीबिया, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया, मिस्र, कुवैत और यूनाइटेड किंगडम जैसे उभरते और विस्तारित बाजारों तथा जिबूती, मॉरीशस, माइक्रोनेशिया, तिमोर-लेस्ते आदि जैसे नए बाजारों में कॉफी निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

(घ) से (च): सरकार जीआई उत्पादों की पहचान और विपणन क्षमता को बढ़ाने के लिए कई पहल करती है, जिनमें मुख्य रूप से इंडिया जीआई फेयर, जीआई महोत्सव और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों में जीआई पवेलियन का आयोजन शामिल है। इसके अलावा, कॉफी बोर्ड ने जीआई-टैग वाली कॉफी को बढ़ावा देने और वायनाड लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सहित जीआई-पंजीकृत कॉफी उगाने वाले कॉफी उत्पादकों को समर्थन देने के लिए कई पहल की हैं। 'वायनाड रोबस्टा कॉफी' भौगोलिक संकेत के रूप में पंजीकृत है। कॉफी बोर्ड जीआई-टैग वाली कॉफी के लिए अधिकृत उपयोगकर्ता रजिस्ट्रार है और कॉफी मूल्य श्रृंखला में सभी हितधारकों के लिए जीआई उपयोगकर्ता पंजीकरण पर नियमित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता है। यह जीआई कॉफी टेस्टिंग सत्र , खरीदार-विक्रेता बैठकें भी आयोजित करता है और कॉफी-केंद्रित व्यापार मेलों तथा खाद्य एवं पेय कार्यक्रमों में भाग लेता है ताकि जीआई-टैग वाली कॉफी को बढ़ावा दिया जा सके। इन पहलों में मुख्य रूप से कॉफी बोर्ड की आईसीडीपी योजना के तहत छोटे और जनजातीय कॉफी किसानों सहित उत्पादकों को विकास सहायता प्रदान करना शामिल है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान, जीआई-पंजीकृत अरेबिका और रोबस्टा कॉफी के औसत निर्यात इकाई मूल्यों में क्रमशः 34.36% और 29.73% की वृद्धि हुई। भौगोलिक संकेतक प्राप्त करने वाली भारतीय कॉफी किस्मों के राज्य-वार विवरण अनुलग्नक-I के रूप में संलग्न हैं।

अनुलग्नक-I

दिनांक 04.08.2026 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 2636 के भाग (घ) से (च) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

क्र.सं.	कॉफी के लिए भौगोलिक संकेत	भौगोलिक क्षेत्र
1.	कूर्ग अरेबिका कॉफी	कर्नाटक
2.	चिकमगलूर अरेबिका कॉफी	कर्नाटक
3.	बाबा बुदनगिरीस अरेबिका कॉफी	कर्नाटक
4.	वायनाड रोबस्टा कॉफी	केरल
5.	अराकू वैली अरेबिका कॉफी	आंध्र प्रदेश और ओडिशा
6.	मानसून मालाबार अरेबिका कॉफी	कर्नाटक और केरल
7.	मानसूनी मालाबार रोबस्टा कॉफी	कर्नाटक और केरल

****